Asian American Health Initiative

Together To Build A Healthy Community

स्नैप (SNAP) के लिए सहायता की ज़रूरत है?

स्नैप (SNAP) क्या है?

पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेन्टल न्यूट्रीशन असिस्टंस प्रोग्राम (Supplemental Nutrition Assistance Program, SNAP), जिसे पहले फूड स्टैम्प (food stamps), कहा जाता था, कम आय वाले घरों के परिवारों और व्यक्तियों को किराना खरीदने के लिए मासिक निधि प्रदान करता है।

क्या मैं स्नैप (SNAP) के लिए पात्र हूँ?

- कुछ आय और पारिवारिक आवश्यकताओं को पूरा करें और
- यू.एस. के नागरिक हों या
- 5 सालों तक कानूनी स्थायी निवासी हों या
- किसी भी अवधि के लिए अक्षमता वाले कानूनी स्थायी निवासी हों या
- शरणार्थी या असायली स्थिति वाले कोई शरणार्थी या शरण माँगने वाले हों या
- 18 साल से कम आयु के यू.एस. नागरिक बच्चे हों, चाहे उनके माता-पिता की नागरिकता संबंधी स्थिति जो भी हो या
- उनके शैक्षिक संस्थानों द्वारा "हाफ-टाइम" माने जाने वाले विद्यार्थी हों, तो स्नैप (SNAP) के लिए पात्र हो सकते हैं

स्नैप (SNAP) से मैं क्या खरीद सकता/सकती हूँ?

- ताज़ा फल-सब्ज़ियाँ और किराना खरीदें
- एमेज़ॉन (Amazon), वॉलमार्ट (Walmart) और शॉपराइट (ShopRite) जैसी जगहों से ऑनलाइन किराना खरीदें
- अगर आप वरिष्ठ नागरिक, बेघर और अक्षम स्नैप (SNAP) प्राप्तकर्ता हों, तो हिस्सा लेने वाले रेस्तरांओं और डेली से तैयार या गरम खाना खरीदें

अगर आप स्नैप (SNAP) के लिए आवेदन करना चाहते हैं और आपको अपने आवेदन के लिए सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया एशियन अमेरिकन हेल्थ इनिशिएटिव (Asian American Health Initiative, AAHI) की सोफिया यून (Sophia Yoon)से संपर्क करें

ईमेल: Sophia.Yoon@montgomerycountymd.gov

फ़ोन: 240-773-1105